# चंबल नदी में घड़ियाल शावकों की संख्या में वृद्धि

## चर्चा में क्यों?


राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य में **इटावा रेंज में 1,186** तथा **बाह रेंज में 840** घड़ियाल के बच्चे पैदा हुए हैं, जो अब चंबल नदी में आनंदपूर्वक विचरण कर रहे हैं।

- घड़ियाल के अंडों को सेने (Incubation) में 50 से 60 दिन लगते हैं तथा जून के आरंभ में बच्चे बाहर निकलते हैं और यह प्रक्रिया लगभग **एक माह तक चलती है**।

## मुख्य बिंदु

## घड़ियाल के बारे में:

- **परिचय**
  - **घड़ियाल (Gavialis gangeticus)** अपने लंबे थूथन के कारण अन्य मगरमच्छों से अलग है।
  - ये **सबसे बड़े जीवित** सरीसृप हैं, जो मुख्य रूप से **मीठे पानी के दलदलों, झीलों और नदियों** में रहते हैं, जिनमें एक **खारे पानी की प्रजाति भी शामिल** है।
  - ये रात्रिचर और पोइकिलोथर्मिक (जिन्हें बाह्य-ऊष्मीय या शीत-रक्तीय जीव कहा जाता है तथा इनके शरीर का तापमान आसपास के वातावरण के साथ बदलता रहता है) होते हैं।
- **वितरण:**
  - भारतीय वन्यजीव संस्थान के अनुसार, घड़ियाल **भारत, भूटान, बांग्लादेश, नेपाल तथा पाकिस्तान** की ब्रह्मपुत्र, गंगा, सिंधु एवं **महानदी-ब्रह्मणी-बैतरणी नदी प्रणालियों** में व्यापक रूप से पाए जाते हैं।
  - वर्तमान में, उनकी प्रमुख आबादी गंगा की तीन सहायक नदियों (भारत में चंबल और गिरवा, तथा नेपाल में राप्ती-नारायणी नदी) में पाई जाती है।
  - ओडिशा भारत का एकमात्र राज्य है, जहाँ तीनों देशज मगरमच्छ प्रजातियाँ- **घड़ियाल** (Gavialis gangeticus), **मगर** (Crocodylus palustris) और खारे पानी के मगरमच्छ  (Crocodylus porosus) प्राकृतिक रूप से पाई जाती हैं।
- **जनसंख्या:**
  - भारत में वैश्विक घड़ियालों की कुल जंगली आबादी का **लगभग 80% हिस्सा** रहता है। लगभग **3,000 घड़ियाल** देश के विभिन्न संरक्षित क्षेत्रों जैसे- राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य, कतर्नियाघाट तथा **सोन घड़ियाल अभयारण्य** में पाए जाते हैं।
- **मगरमच्छ संरक्षण परियोजना:**
  - भारत ने **संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम और खाद्य एवं कृषि संगठन** के सहयोग से ओडिशा के भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान में **मगरमच्छ संरक्षण परियोजना** का शुभारंभ किया।
  - इसने **"रियर एंड रिलीज़" पद्धति** को अपनाया, भितरकनिका और सतकोसिया टाइगर रिज़र्व जैसे संरक्षित आवासों का निर्माण किया तथा **कैप्टिव ब्रीडिंग** और **जन-जागरूकता** को बढ़ावा दिया, जिससे यह मगरमच्छ संरक्षण के लिये एक राष्ट्रीय मॉडल बन गया है।
  - विश्व मगरमच्छ दिवस (17 जून) पर, भारत अपने **मगरमच्छ संरक्षण परियोजना (CCP) (1975-2025) के 50 वर्ष पूरे होने** का स्मरण स्मरण कर रहा है।



# भारत में मगरमच्छ की प्रजातियाँ

भारत में मगरमच्छ की तीन विविध प्रजातियाँ पाई जाती हैं - मगर, खारे पानी का मगरमच्छ, और घड़ियाल- देश भर में अलग-अलग आवासों में पाए जाते हैं।

| दृष्टिकोण | घड़ियाल | मगर /भारतीय मगरमच्छ | खारे पानी का मगरमच्छ |
|---|---|---|---|
| वैज्ञानिक नाम | गेवियलिस गैंगेटिकस | क्रोकोडायलस पलुस्ट्रिस | क्रोकोडायलस पोरोसस |
| वितरण: भारत | **बहुल आबादी:** राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य (उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश)<br>**आबादी:** सोन, गंडक, हुगली, घाघरा और सतकोसिया वन्य जीव अभयारण्य (ओडिशा) | संपूर्ण भारत में | पूर्वी तट (ओडिशा का भितरकनिका वन्य जीव अभयारण्य, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह तट और सुंदरवन) |
| वितरण: पड़ोस | भूटान और बांग्लादेश की ब्रह्मपुत्र और इरावदी नदी | भूटान और म्यांमार में विलुप्त | पूरे दक्षिण पूर्व एशिया में |
| विशेष सुविधा | सभी मगरमच्छों में सबसे लंबा, लंबा और पतले मुँह वाला | अंडे देने वाले, घोंसला बनाने वाले, चौड़े और यू-आकार का मुँह | सबसे अधिक जीवित सरीसृप, नुकीला और V-आकार का मुँह |
| प्राकृतिक वास | ताज़े जल | ताज़े जल | खारा पानी, खारा और आर्द्रभूमि |
| IUCN स्थिति | CR | VU | LC |
| CITES स्थिति | परिशिष्ट I | परिशिष्ट I | परिशिष्ट I |
| CMS स्थिति | परिशिष्ट I | - | परिशिष्ट II |
| WPA,1972 स्थिति | अनुसूची I | अनुसूची I | अनुसूची I |
| संकट | बाँध, प्रदूषण, रेत खनन | आवास नष्ट हो गए हैं | इसका खाल और पर्यावास हानि के लिये शिकार हुआ |
| सरकारी पहल | ▪ ओडिशा: महानदी नदी बेसिन में घड़ियाल के संरक्षण के लिये 1000 रुपए का पुरस्कार<br>▪ भारतीय मगरमच्छ संरक्षण परियोजना, 1975 | ▪ भारतीय मगरमच्छ संरक्षण परियोजना, 1975<br>▪ मगर संरक्षण कार्यक्रम<br>▪ मद्रास क्रोकोडाइल बैंक ट्रस्ट | भारतीय मगरमच्छ संरक्षण परियोजना, 1975 |


## विविध तथ्य

- **17 जून:** विश्व मगरमच्छ दिवस
- **वार्षिक सरीसृप जनगणना, 2023:** खारे पानी के मगरमच्छों की संख्या में मामूली वृद्धि **(भीतरकनिका राष्ट्रीय उद्यान और इसके आस-पास के क्षेत्र)**
- **ओडिशा का केंद्रपाड़ा ज़िला:** भारत का एकमात्र ज़िला जहाँ मगरमच्छ की तीनों प्रजातियाँ पाई जाती हैं।

Drishti IAS

## राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य

- इसे वर्ष 1979 में **चंबल नदी** की लगभग 425 किमी लंबाई में एक नदी अभयारण्य के रूप में स्थापित किया गया था।
- इसके **बीहड़** राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के त्रि-बिंदु के पास **चंबल नदी** के किनारे 2-6 किमी तक विस्तृत हैं।
- राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य को **महत्त्वपूर्ण पक्षी क्षेत्र (IBA)** के रूप में सूचीबद्ध किया गया है तथा यह एक **प्रस्तावित रामसर स्थल** भी है।




PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gharial-hatchlings-thrive-in-chambal-river